BANDA POLICE

-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 10.03.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **मोटरसाइकिल से खतरनाक स्टंट करने वाले युवक पर बांदा पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही । पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल को सीज करते हुए किया गया 24500/ रुपये का चालान ।**

विवरण– पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करने तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों पर की जा रही कड़ी कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 10.03.2025 को सोशल मीडिया पर स्टंट का वीडियो डालने वाले युवक के मोटरसाइकिल को सीज करते हुए 24500/ रुपये का चालान किया गया । गौरतलब हो कि सोशल मीडिया पर निगरानी के दौरान मीडिया सेल के संज्ञान में एक वीडियो आया था जिसमें एक युवक होण्डा साइन मोटरसाइकिल पर खतरनाक स्टंट कर रहा था । वीडियो को संज्ञान में लेकर जांच की गई जिससे ज्ञात हुआ कि युवक का नाम जावेद है और वह थाना मटौंध क्षेत्र का रहने वाला है । थाना मटौंध पुलिस द्वारा युवक का यातायात नियमों के उल्लंघन करने पर 24 हजार 500 रुपये का चालान करते हुए मोटरसाइकिल को सीज कर दिया गया तथा कड़ी चेतावनी भी दी गई । आमजनमानस से अपील है कि सोशल मीडिया पर वायरल होने के लिए इस तरह के खतरनाक स्टंट न करें यह जानलेवा हो सकता है । कृपया सभी लोग यातायात नियमों का पालन करें ।

Before

After